शक वंश

1. सर्वप्रथम भारत में विशुद्ध संस्कृत भाषा में लम्बा अभिलेख किस राजा द्वारा जारी किया गया ?
(अ) यवन राजा मिनाण्डर द्वारा
(ब) शक राजा रुद्रदमन द्वारा
(स) पार्थव राजा गोन्दोफिर्नस द्वारा
(द) कुषाण राजा कनिष्क द्वारा
उत्तर : (ब)
2. यूनानियों के बाद भारत आए–
(अ) पहल्व (ब) कुषाण
(स) शक (द) शुंग
उत्तर : (स)
3. शकों की कितनी शाखाएँ थी ?
(अ) 5 (ब) 4
(स) 8 (द) 6
उत्तर : (अ)
4. शक मूलतः कहाँ के निवासी थे ?
(अ) ईराक (ब) मध्य एशिया
(स) पूर्व एशिया (द) अफगानिस्तान
उत्तर : (ब)
5. शकों का सबसे प्रतापी शासक कौन था, जिसका शासन गुजरात के बड़े भाग पर था ?
(अ) कनिष्क (ब) रुद्रदामन प्रथम
(स) कुजुल कडफिसेस (द) डेमिट्रियस
उत्तर : (ब)
6. शकों के किस शासक ने मौर्यों द्वारा निर्मित काठियावाड़ की अर्धशुष्क सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार करवाया ?
(अ) रुद्रदामन प्रथम (ब) डेमिट्रियस
(स) कनिष्क (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
7. शक शासक रुद्रदामन किस भाषा का बड़ा प्रेमी था ?
(अ) प्राकृत (ब) पालि
(स) संस्कृत (द) ग्रीक
उत्तर : (स)
8. शकों के किस शासक ने सबसे पहले विशुद्ध संस्कृत भाषा में लम्बा अभिलेख (गिरनार अभिलेख) जारी किया जबकि इसके पहले के सभी अभिलेख प्राकृत भाषा में रचित थे ?
(अ) रुद्रदामन प्रथम (ब) कनिष्क
(स) डेमिट्रियस (द) कुजुल कडफिसेस
उत्तर : (अ)
9. भारत में शक राजा अपने को कहते थे–
(अ) विक्रमादित्य (ब) चक्रवर्ती
(स) क्षत्रप (द) सम्राट
उत्तर : (स)
10. किस वंश के शासकों ने 'क्षत्रप प्रणाली' का प्रयोग किया ?
(अ) गुप्तों ने (ब) हिन्द–यवनों ने
(स) ईरानियों ने (द) शकों ने
उत्तर : (द)
11. 'त्रातार' (मुक्तिदाता) की उपाधि किस वंश के शासकों ने धारण किया ?
(अ) शक (ब) कुषाण
(स) हिन्द–यवन (द) पार्थियन
उत्तर : (अ)
12. प्राचीन काल के भारत पर आक्रमणों के संबंध में कौन–सा सही कालानुक्रम है ?
(अ) यूनानी–शक–कुषाण
(ब) यूनानी–कुषाण–षक
(स) शक–यूनानी–कुषाण
(द) शक–कुषाण–यूनानी
उत्तर : (अ) UPPCS 2006

www.rajstudents.com